27. भटिंडा	36. गाजीपुर
28. भिलाई	37. गोपालपुर
29. कालीकट	38. ईटानगर
30. चैतीनांद	39. हुबली
31. धनवाद	40. जम्मू
32. द्वोव	41. मिसा
33. द्वारका	42. नजीरा
34. गंगानगर	43. पठानकोट
35. गंगतोक	44. शदिया

रेल विस्तार के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार का प्रस्ताव

2436. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार ने रेल विस्तार की कितनी परियोजनाओं पर विचार किये जाने का प्रस्ताव किया है ; और

(ख) गत दो वर्षों के दौरान इनमें से प्रत्येक प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) महत्वपूर्ण चालू नयी लाइन परियोजनाएं, जो पिछले दो वर्षों से चल रही हैं, निम्नलिखित हैं :—

(1) रामपुर–न्यू हल्द्वानी

(2) मथुरा–अलवर

उत्तर प्रदेश सरकार ने निम्नलिखित परियोजनाओं पर भी विचार करने की मांग की है :—

(1) **छितौनी–वगहा रेल सम्पर्क**

सिंचाई मंत्रालय ने यह सुझाव दिया था कि रेलवे गंडक नदी पर पुल के निर्माण के लिए गंडक उच्च स्तर तकनीकी समिति की सिफारिशों पर छितौनी में स्थापित किये जाने वाले बाढ़ नियंत्रण स्थल का लाभ उठा सकती है । बाढ़ नियंत्रण उपाय के रूप में सेवित करने वाले पुल की लागत सिंचाई मंत्रालय, उत्तर प्रदेश और बिहार सरकारों और रेल मंत्रालय द्वारा वहन करने की सहमति हुयी थी । 1982 में जब योजना को अंतिम रूप दिया गया था और लागत अद्यतन की गयी थी तो सिंचाई मंत्रालय हिस्से की बढ़ी हुई लागत को वहन करने के लिए सहमत नहीं हुआ था । बिहार सरकार ने भी अब साझेदारी से हटने के लिए अपना मत व्यक्त किया है । उत्तर प्रदेश सरकार से अभी तक कोई उत्तर नहीं मिला है ।

वित्तीय व्यवस्था का हल निकल जाने के पश्चात् ही इसके निर्माण के बारे में विचार किया जा सकता है ।

(2) **अयोध्या के निकट सरयू नदी पर रेल पुल**

संसाधनों की तंगी को देखते हुए इस परियोजना पर विचार नहीं किया गया है ।

रेल पासों का जारी किया जाना

2437. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के डिब्बों में फिलहाल निःशुल्क यात्रा करने वाले किन-किन लोगों के नाम निःशुल्क यात्रा रेल पासों की सूची में शामिल हैं ; और

(ख) निःशुल्क यात्रा के लिए पास जारी करने हेतु वर्तमान मानदण्ड क्या हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) संभवतः इस प्रश्न के संबंध में नाथ कार्ड पासों के जारी होने से है । उन व्यक्तियों/संगठनों के, जिन्हें इस समय (1–3–87 को) मानार्थ कार्ड पास जारी किये गये हैं, नाम संलग्न विवरण में दिये गये हैं (नीचे देखिए)

(ख) इस संबंध में मोटे तौर पर तैयार किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार प्रत्येक मामले पर उसके गुण-दोष